आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.04.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा – भारत एक मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है।
- मलेरिया दिवस के अवसर पर द्वीपसमूह में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं।
- राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत जीएसटी फाइलिंग पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- राष्ट्रीय रग्बी सेवेंस चैंपियनशिप में द्वीपसमूह की महिला टीम ने दो शानदार जीत हासिल किए।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि भारत एक मजबूत अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचे, वैश्विक प्रतिष्ठा के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। उपराष्ट्रपति ने तमिलनाडु में कुलपतियों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री धनखड़ ने विकसित राष्ट्र की दिशा में आगे बढ़ने के लिए विज्ञान और अनुसंधान की आवश्यकता पर जोर दिया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

<><><><><><><>

आज विश्व मलेरिया दिवस है। मलेरिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इस रोग पर नियंत्रण और रोकथाम संबंधी उपायों को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा आयोजित वैश्विक पहल है। इस वर्ष मलेरिया दिवस की थीम है– मलेरिया का अंतः पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जागृति"। मलेरिया उप–निदेशक डॉ. बी. अजीत ने मलेरिया पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्यों पर जानकारी दी।

<><><><><><><>

इसरो के पूर्व अध्यक्ष और भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रमुख निर्माता डॉ. के. कस्तूरीरंगन का आज सुबह बेंगलुरु स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। इसरो के अध्यक्ष के रूप में डॉ. कस्तूरीरंगन ने ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान –पीएसएलवी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो भारत का सबसे विश्वसनीय उपग्रह प्रक्षेपक बन गया। 27 अगस्त, 2003 को पद छोड़ने से पहले उन्होंने नौ वर्षों से अधिक समय तक भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का नेतृत्व किया।

<><><><><><><>

कार्बाइंस कोव के गुडविल एस्टेट स्थित विज्ञान केंद्र में हॉलिडे कैम्प का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 2 से 30 मई, तक कक्षा छठी से आठवीं में पढ़ने वाले छात्रों के लिए आयोजित होगा। इसमें विभिन्न विषयों और ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। छात्रों का पंजीकरण आज से शुरू हो गया है, जो 27 अप्रैल तक सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक जारी रहेगा। इस अवसर पर विज्ञान केन्द्र के शिक्षा अधिकारी देबाशीष पॉल ने बताया –

इसके लिए प्रतिभागियों को प्रति ट्रेड 500 रुपये का पंजीकरण शुल्क और आधार कार्ड की एक फोटोकॉपी देनी होगी। इसके अलावा शिविर के दौरान छात्रों को छोड़ने के लिए, विज्ञान केंद्र दो बस सेवाएँ प्रदान करेगा, जिसके लिए प्रति सप्ताह प्रति ट्रेड 250 रुपये का भुगतान करना होगा।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास निदेशालय की ओर से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में जीएसटी फाइलिंग पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य पंचायत सचिवों और मल्टी–टास्किंग स्टाफ को पंचायत स्तर पर वस्तु एवं सेवा कर अनुपालन से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर राज्य नोडल अधिकारी बिजॉय कुमार दास ने स्थानीय स्वशासन

में पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन बढ़ाने के लिए जीएसटी अनुपालन के महत्व पर प्रकाश डाला। सीजीएसटी अधीक्षक दीपांकर बेरा ने जीएसटी फाइलिंग पर अवलोकन सत्र का नेतृत्व किया। ग्राम पंचायतों में जीएसटी फाइलिंग पर तकनीकी सत्र का आयोजन भी किया गया।

<><><><><><><>

गैर सरकारी संगठन सेवा भारती राष्ट्रीय स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से दक्षिण अंडमान के ग्यारह स्थानों पर चिकित्सा शिविर का आयोजन करने जा रहा है। शिविर कल और सत्ताईस अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। सेवा भारती के सचिव गौतम ने शिविर के बारे में बताया।

<><><><><><><>

डॉलीगंज के आई सी डी एस शहरी परियोजना की ओर से कल 'मिशन शक्ति योजना' के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जानकारी प्रदान करना था। इसमें महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर योजना, महिला सशक्तिकरण केंद्र और बुजुर्ग हेल्पलाइन जैसी सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

हैदराबाद के तेलंगाना में 27 मई से चलने वाली 26वीं सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप–2025 के लिए अंडमान निकोबार रोइंग एसोसिएशन की ओर से रोइंग टीम के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। चयन ट्रायल दो मई को सुबह 6 बजे से सिप्पीघाट स्थित साई जलक्रीड़ा परिसर में लिया जाएगा।

इच्छुक खिलाड़ी अपना नाम एक मई शाम पांच बजे तक रामा राव, के पास फोन पर पंजीकृत करा सकते है।

<><><><><><><>

असम के गुवाहाटी में चल रही राष्ट्रीय रग्बी सेवेंस चैंपियनशिप में आइलैंड्स रग्बी फुटबॉल महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कल दो शानदार जीत हासिल किए। द्वीपसमूह की टीम ने पांडिचेरी को 5 गोल और आंध्र प्रदेश को 2 गोल से हराया। पुरुष टीम का मैच 27 अप्रैल को होगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप शिक्षा अधिकारी की ओर से दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल क्षेत्र के लड़कों के अंडर–17 और अंडर–15 तथा लड़कियों के अंडर–17 के लिए अंतर स्कूल फुटबॉल नॉक आउट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस सिलसिले में आज गर्ल्स स्कूल मैदान में तीन फाइनल मैच आयोजित किए गए। प्राइमरी स्तर के लड़कों के पहले फाइनल मैच मे डॉलीगंज की टीम ने मंगलुटान की टीम को 06–05 से टाई ब्रेकर में हराया। दूसरे फाइनल में प्राइमरी के लड़कियों की प्राथरापुर की टीम ने हम्फ्रीगंज को दो–शून्य से पराजित किया। तीसरे फाइनल में अंडर 17 लड़कियों की एकतरफा मुकाबले में गर्ल्स स्कूल ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर को पांच–शून्य से हराया।

<><><><><><><>